दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, विद्युत नगर
प्रेस विज्ञप्ति
डीपीएस, एनटीपीसी श्रेष्ठ तथा सूची में नंबर 1

दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, विद्युत नगर को दादरी क्षेत्र में आने वाले 'को-एजुकेशन रेजिडेंशियल' स्कूलों की सूची में नंबर वन स्कूल घोषित किया गया। EWISR 23-24 के सर्वे के आधार पर यह घोषणा की गई। ईडब्ल्यूआईएसआर विभिन्न स्कूलों को मान्यता, सम्मान और अधिकतम प्रचार प्राप्त करने का अनूठा अवसर देता है। इस आधार पर लगभग 18,000 हितधारकों (स्टैकहोल्डर्स) द्वारा सर्वेक्षण किया गया, जिसमें रेटिंग और रैंकिंग के आधार पर दादरी क्षेत्र में डीपीएस, एनटीपीसी विद्युत नगर ने नंबर एक स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम दुआ ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रतना सामंता भी उपस्थित रहीं। यह विद्यालय से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति अध्यापक-जन, छात्र-समूह, माता-पिता तथा अभिभावक गण के लिए गर्व का विषय है। 1988 में स्थापित विद्यालय ने समय-समय पर सफलता के परचम लहराए हैं । डीपीएस, एनटीपीसी विद्युत नगर इस श्रेष्ठता की सूची में एक नया अध्याय जोड़ता है। शिक्षा से इतर विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय निरंतर कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि सिर्फ एक पुरस्कार नहीं है; यह उस तालमेल और भावना का प्रमाण है जो डीपीएस एनटीपीसी को परिभाषित करता है। विद्यालय उत्कृष्टता की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखने और अपने छात्रों के लिए उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए तत्पर हैं।

द्वारा

श्रीमती पूनम दुआ

प्रधानाचार्या

दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, विद्युत नगर

दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी विद्युत नगर
प्रेस विज्ञप्ति
श्रीमती पूनम दुआ राष्ट्रीय महिला नेतृत्व अलंकरण से विभूषित

दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, विद्युत नगर की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम दुआ को कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु 'भागीदारी जन सहयोग समिति' की ओर से राष्ट्रीय महिला नेतृत्व पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। 'भागीदारी जन सहयोग समिति' राजधानी का एक अग्रणी पंजीकृत गैर सरकारी संगठन है। इस समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर के. के. अग्रवाल हैं, जो दक्षिण एशिया अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हैं तथा पिछले 10 वर्षों से दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के साथ काम कर रहे हैं। यह समिति भारत के सर्वोच्च न्यायालय के चार माननीय न्यायाधीश तथा उच्च न्यायालय के बारह न्यायाधीशों का संगठन है। इस समिति ने 3 मार्च 2024 को दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जिसकी मुख्य अतिथि श्रीमती सुधा मिश्रा (न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय) रहीं। इसी अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम दुआ को इस विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय महोदया को उनकी इस विशिष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त स्टाफ तथा अभिभावक गण द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय में भी प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम दुआ ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तथा विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा एवं अधिकार हेतु विभिन्न क्लब बनाए हैं जिसमें समय-समय पर छात्राओं की काउंसलिंग कर उन्हें उनके कर्तव्यों तथा अधिकारों से अवगत कराया जाता है। प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम दुआ विशिष्ट रूप से महिलाओं तथा छात्राओं के विकास हेतु कटिबद्ध हैं और भविष्य में भी एक क्षेत्र में अपने योगदान के लिए प्रणबद्ध हैं।

आज्ञा से

श्रीमती पूनम दुआ

प्रधानाचार्या

दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, विद्युत नगर



DPS VIDYUT NAGAR